
# पं0 पृथी नाथ महाविद्यालय

Est. 1959

96/12, महात्मा गांधी मार्ग, कानपुर
फैक्स/फोन : 0512–2361924
ppncollegekanpur@gmail.com
www.ppncollege.org

# विवरण पत्रिका
## 2022-23


महाविद्यालय के प्रेरणास्रोत



## पं० पृथी नाथ चक


**(1858 – 1910)**

# हमारे प्रेरणास्रोत



यशःकाय सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्
एवं विधिवेत्ता श्री देवेन्द्र स्वरुप जी
**(1913 – 1995)**

# हमारे मार्गदर्शक



## *आदरणीय श्री योगेन्द्र स्वरूप जी*

*अध्यक्ष, पी0पी0एन0 महाविद्यालय प्रबंधसमिति*

### *दृष्टिकोण*

*बुद्धिमत्तापूर्ण ज्ञान की दिशा में युवाओं के मन को प्रवृत्त करना*

### *लक्ष्य*

- *जीवन के अन्यान्य क्षेत्रों में मानवता एवं अनुशासन का समावेश करना*
- *विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करना*
- *देश के लिए जिम्मेदार नागरिकों के रूप में विद्यार्थियों को विकसित करना*

# अनुक्रमणिका


1 संक्षिप्त परिचय

2 प्राचार्य पुरोवाक्

3 महाविद्यालय प्रशासन एवं शिक्षक

4 संचालित पाठ्यक्रम

5 स्नातक प्रथम वर्ष (प्रथम–द्वितीय सेमेस्टर) हेतु अर्हता, विषय चयन प्रारूप एवं प्रवेश निर्देश

6 स्नातक द्वितीय वर्ष (तृतीय–चतुर्थ सेमेस्टर) हेतु अर्हता, विषय चयन प्रारूप एवं प्रवेश निर्देश

7 स्नातक तृतीय वर्ष एवं परास्नातक उत्तरार्द्ध प्रवेश निर्देश

8 परास्नातक पूर्वार्द्ध प्रवेश हेतु अर्हता एवं निर्देश

9 सेल्फ फाइनेन्स कोर्सेस में प्रवेश हेतु निर्देश

10 अन्य मुख्य प्रवेश अनुदेश

11 महाविद्यालय सुविधाएं एवं विशेषताएं

12 महाविद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियां

13 शुल्क विवरण

14 प्रवेश समितियां एवं प्रमुख तिथियां

15 सम्पर्क सूत्र

# पं0 पृथी नाथ महाविद्यालय, कानपुर

## संक्षिप्त परिचय

प्रसिद्ध अधिवक्ता, समाजसेवी एवं शिक्षाशास्त्री स्वर्गीय देवेन्द्र स्वरूप जी (1912–1995) द्वारा वर्ष 1959 में स्थापित एवं पी0पी0एन0 मेमोरियल सोसाइटी द्वारा संचालित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध पी0पी0एन0 महाविद्यालय प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रदान करने वाली अग्रणी संस्थाओं में से एक है। महाविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं प्रबन्धन के 20 स्नातक एवं 13 परास्नातक विषयों में न्यूनतम शुल्क में छात्र–छात्राओं को शिक्षा प्रदान की जाती है। महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा व्यावसायिक विषयों को भी संचालित करने की मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय अपने उद्भव काल से ही देश के शिक्षण एवं शोध के मानचित्र पर अपना विशिष्ट स्थान बनाये हुये है। अनेक गणमान्य विभूतियों जैसे भारत के मुख्य न्यायाधीश श्री के0 एन0 वॉचू, पी0 एन0 भगवती, केन्द्रीय कानून मंत्री माननीय श्री अशोक सेन एवं माननीय विष्णुकान्त शास्त्री राज्यपाल, उ0प्र0, ने महाविद्यालय का अवलोकन कर यहाँ की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों तथा अनुशासित वातावरण की प्रशंसा की है।

महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर सैकड़ों छात्र–छात्राएं देश एवं विदेश में अनेक प्रशासनिक पदों को सुशोभित करते हुए जनसेवा में संलग्न है। यहाँ से अध्ययन कर अनेक छात्र आई0आई0टी0, बी0ए0आर0सी0, टी0आई0एफ0आर0, इसरों एवं उच्च शिक्षा में अपने परिश्रम से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। देश के बाहर भी महाविद्यालय के छात्र शोध कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उदाहरणस्वरूप महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र डॉ0 अमित शर्मा का एक शोध पत्र भौतिकी के वर्ष 2007 के नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ0 ए0 फर्ट के साथ साझा रूप में प्रकाशित हुआ है।

वर्तमान में महाविद्यालय से सम्बद्ध विषयों में विभिन्न शिक्षकों के निर्देशन में लगभग 54 शोधार्थी पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में यू0जी0सी0, सी0एस0आई0आर0, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से अनेक प्रोजेक्ट सफलता पूर्वक संचालित किये जा रहे हैं।

वर्तमान में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, श्री योगेन्द्र स्वरूप जी एवं उनके सुपुत्र श्री शिवेन्द्र स्वरूप जी के अनुभवी निर्देशन एवं परामर्श से महाविद्यालय में समय एवं छात्रों की माँग को देखते हुए रोजगारपरक बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम एवं डी.एलएड. संचालित है, जिससे छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। वर्तमान परिवर्तनशील परिवेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत छात्रहित में प्रस्तावित समस्त प्रावधानों को लागू करने हेतु महाविद्यालय कृत संकल्पित है।



प्राचार्य

**प्रो0 अनूप कुमार सिंह**

पी0पी0एन0 महाविद्यालय, कानपुर

# पुरोवाक्

मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं उच्च शिक्षा विभाग की संकल्पना के अनुरूप विश्वविद्यालय/महाविद्यालय शिक्षा प्राप्त करने का वह स्थान है जहॉ पर शिक्षार्थी का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षा ग्रहण का अर्थ ही है सर्वांगीण विकास करते हुए आत्मनिर्भर व्यक्तित्व का निर्माण होना। पी0पी0एन0 महाविद्यालय उच्च शिक्षा की संकल्पना के अनुरूप पूर्णतः कटिबद्ध है। हम विकास और प्रगति में विश्वास करते है साथ ही अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक है। हमारा उद्देश्य नवाचार संसाधनों एवं सर्वोत्तम विधाओं को सुलभ बनाकर अपने विद्यार्थियों में उत्कृष्टता का संचार करना हैं। नई शिक्षा नीति के अनुसार महाविद्यालय सभी मुख्य विषयों के साथ व्यवसायिक पाठ्यक्रम एवं सह–पाठ्यक्रम को संचालित करने में पूर्णतः सक्षम हैं।

मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि पी0 पी0 एन0 महाविद्यालय में प्रवेशित छात्र–छात्राओं का अपने सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की अवधि में एक ज्ञानवर्धक अनुभव होगा। आपके उज्ज्वल भविष्य एवं सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय परिवार की ओर से आपको ढेरों शुभकामनायें।

धन्यवाद।

# महाविद्यालय प्रशासन

| | | |
|---|---|---|
| प्राचार्य | – | प्रो0 अनूप कुमार सिंह |
| मुख्य अनुशासक | – | डॉ0 धनंजय सिंह |
| अधिष्ठाता छात्र कल्याण | – | डॉ0 आर0के0 दीक्षित |
| प्रवेश प्रभारी | – | डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय |
| परीक्षा प्रभारी | – | डॉ0 आर0के0 दीक्षित |
| समन्वयक, आन्तरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ | – | डॉ0 टी0बी0 सिंह |
| प्रभारी, एन0सी0सी0 | – | डॉ0 कासिफ इमदाद |
| प्रभारी, एन0एस0एस0 | – | डॉ0 के0के0यादव |
| प्रभारी, क्रीड़ा | – | डॉ0 सुशील कुमार शुक्ला |
| नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति | – | डॉ0 सुहेल रजा |
| प्रभारी, परामर्श एवं नियोजन प्रकोष्ठ | – | डॉ0 सुमन सिंह<br>डॉ0 आभा सिंह |
| समन्वयक, ए.आई.एस.एच.ई/ ए.बी.ए.सी.यू.एस.(एबेकस) | – | डॉ0 सतीश चन्द्र |
| समन्वयक, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर | – | डॉ0 आभा सिंह |
| प्रभारी, रोवर्स | – | श्री अनिल कुमार सिंह |
| प्रभारी, रेन्जर्स | – | साक्षी राय |
| पुस्तकालयाध्यक्ष | – | डॉ0 डी0के0 सक्सेना |
| लेखाकार | – | श्री राजेन्द्र कुमार कुरील |
| कार्यालय अधीक्षक | – | श्री आर0आर0 पाठक |
| सहायक कार्यालय अधीक्षक | – | श्री सुरेश कुमार तिवारी |

# महाविद्यालय शिक्षक

| शिक्षक नाम | पद |
|---|---|
| **कला संकाय** | |
| **अर्थशास्त्र विभाग** | |
| डॉ0 आर0के0 दीक्षित | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 वंदना द्विवेदी | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 विवेक सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 अलका अस्थाना | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री ललित कुमार मौर्य | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **अंग्रेजी विभाग** | |
| डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 जी0डी0 दुबे | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 सुमन सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 चंचल शर्मा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 राम नरेश पटेल | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **इतिहास** | |
| अतिथि शिक्षक | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **भूगोल** | |
| डॉ0 आरती विश्नोई | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 कासिफ इमदाद | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 रिचा त्रिपाठी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 आभा शुक्ला | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री धर्मेन्द्र कुमार | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **मनोविज्ञान** | |
| डॉ0 आभा सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 रश्मि मिश्रा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 रिजवाना नवाब | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री मनु चौहान | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **राजनीति विज्ञान** | |
| डॉ0 राजेश कुमार | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 अनुज कुमार मिश्रा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन** | |
| डॉ0 डी0सी0 कटियार | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 ए0के0 सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर |
| **शारीरिक शिक्षा** | |
| डॉ0 सुशील कुमार शुक्ला | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 सुहेल रजा | एसोसिएट प्रोफेसर |

| शिक्षक नाम | पद |
|---|---|
| **समाजशास्त्र** | |
| डॉ0 टी0बी0सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 के0के0 यादव | एसोसिएट प्रोफेसर |
| कुंवर महेन्द्र प्रताप सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **संस्कृत** | |
| डॉ0 मीना गुप्ता | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| **हिन्दी** | |
| डॉ0 निधि कश्यप | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 मधुरबाला यादव | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 अनूप कुमार सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री दिनेश कुमार यादव | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **विज्ञान संकाय** | |
| **गणित** | |
| डॉ0 शिखा सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 मनिन्दर सिंह अरोड़ा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 सुनील कुमार | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 कीर्ति चौहान | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 तरन्नुम सिद्दीकी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **जन्तु विज्ञान** | |
| श्री बादल वासुदेव विस्वास | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 रेनू गोयल | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 सत्य प्रकाश श्रीवास्तव | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 नीरज वर्मा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **भौतिक विज्ञान** | |
| डॉ0 श्रीपाल | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 रेनुका अरोड़ा | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 सतीश चन्द्रा | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय | एसोसिएट प्रोफेसर |
| **रसायन विज्ञान** | |
| डॉ0 निधी श्रीवास्तव | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 मोनल सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 धनंजय सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 अनीता राय | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 सुधा अग्रवाल | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 यशवीर गौतम | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री रोहित कुमार मौर्य | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री अनूप कुमार गुप्ता | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |

| शिक्षक नाम | पद |
|---|---|
| **वनस्पति विज्ञान** | |
| अलका रानी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| श्री अनिल कुमार सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 विनोद कुमार | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **सांख्यिकी** | |
| श्री विमल कुमार जायसवाल | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| साक्षी राय | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **वाणिज्य संकाय** | |
| डॉ0 अवधेश कुमार गुप्ता | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 नीना टण्डन | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 आर0के0 त्रिवेदी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्रृष्टि कटियार | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |

## डॉ0बी0डी0 पाण्डेय–समन्वयक

## स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम

| शिक्षक नाम | पद |
|---|---|
| **वाणिज्य संकाय** | |
| डॉ0 अंकित गुप्ता | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 अलका त्रिपाठी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 संजीव कुमार तिवारी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| यशा श्रीवास्तव | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री विवेक कुमार | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **जन्तु विज्ञान** | |
| डॉ0 संध्या पाण्डेय | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 दिव्या मिश्रा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **बी0बी0ए0** | |
| डॉ0 लवलेश कुमार श्रीवास्तव | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| पूजा विद्यार्थी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री विस्वान सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **बी0सी0ए0** | |
| श्री अशीष त्रिपाठी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री आदर्श गुप्ता | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| आकांक्षा मिश्रा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **डी0एलएड0** | |
| डॉ0 प्रवीना अवस्थी | विभागाध्यक्ष |
| डॉ0 अपूर्व तिवारी | प्रवक्ता |
| श्री सचिन कटियार | प्रवक्ता |
| श्री अजय कुमार नागवंशी | प्रवक्ता |

# संचालित पाठ्यक्रम

महाविद्यालय द्वारा यू0जी0सी0 एवं शासन की अवधारणा के अनुरूप वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित रूप में निम्न पाठ्यक्रम संचालित किए जाते है।

## वित्त पोषित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम

1 **बी0ए0**–नई शिक्षा नीति के अनुरूप ***बी0ए0 भाषा संकाय***– में अंग्रेजी, हिन्दी एवं संस्कृत, तथा ***बी0ए0– कला, मानविकी, सामाजिक विज्ञान संकाय*** में अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन, मनोविज्ञान, इतिहास एवं शारीरिक शिक्षा आदि विषय उपलब्ध हैं।

2 **बी0एस0सी–** नई शिक्षा नीति के अनुरूप मुख्य विषयों में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान आदि विषय उपलब्ध है।

3 **बी0काम0–** नई शिक्षा नीति के अनुरूप वाणिज्य के मुख्य विषयों के साथ वाणिज्य स्नातक पाठ्यक्रम संचालित हैं।

4 **एम0ए0–** हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन भूगोल मनोविज्ञान एवं अर्थशास्त्र आदि विषयों के साथ उपलब्ध हैं।

5 **एम0एससी0–** गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान आदि विषयों के साथ उपलब्ध हैं।

## स्ववित्तपोषित स्नातक, परास्नातक एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम

1 **बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0**

पारम्परिक पाठ्यक्रमों की अपेक्षा व्यवसायिक पाठ्यक्रम रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सम्बद्ध त्रिवर्षीय (छः सेमेस्टर) रोजगारपरक बी0बी0ए0 (Bachelor of Business Administration), बी0सी0ए0 (Bachelor of Computer Application) पाठ्यक्रम महाविद्यालय में संचालित हैं।

2 **बी0काम0 (छात्रा)**

वाणिज्य क्षेत्र में छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु महाविद्यालय में छात्राओं के लिए विशेष रूप से बी0काम0 पाठ्यक्रम की व्यवस्था है।

3 **एम0काम0**

4 **एम0एस0सी0 जन्तु विज्ञान**

5 **डी0एल0एड0**

वित्तपोषित पाठ्यक्रमों में आवेदन एवं प्रवेश प्रक्रिया ऑन लाइन माध्यम से की जाती है। जबकि स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश आफलाइन माध्यम से किये जाते हैं।

वित्तपोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन, महाविद्यालय वेबसाइट के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 220.00) के पश्चात निर्देशों के आलोक में किया जा सकता है।

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र–छात्राएं अलग से प्रवेश फार्म एवं विवरणिका महाविद्यालय के प्रोफेशनल एवं सेल्फ फाइनेन्स विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

## Department of Professional & Self Financed Courses

***Office: 7755003400***

***For BBA: 7839688036***

***For BCA: 6386403086, 888761445***

***B.Com.-Girls only: 7755003400, 7668436748***

***For M.Sc.-Zoology: 8707620897, 8090005464***

***For M.Com. : 7755003400, 9389411159***

# स्नातक प्रथम वर्ष (प्रथम–द्वितीय सेमेस्टर)
# हेतु अर्हता, विषय चयन प्रारूप एवं प्रवेश निर्देश

## प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता

1 स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी को इण्टरमीडिएट/10+2/समतुल्य कक्षा में उत्तरप्रदेश शासन या भारत सरकार द्वारा विधिमान्य संस्था/बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2 प्रवेश हेतु अर्हता वर्ष–2022 से अधिकतम 02 वर्ष का अकादमिक गैप उपयुक्त साक्ष्यों एवं शपथपत्र के अधीन अनुमन्य होगा। उक्त की स्थिति में प्रतिवर्ष 1% अंको की घटोत्तरी के साथ ही मेरिट में स्थान अनुमन्य होगा।

3 बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष/सेमेस्टर गणित समूह में प्रवेश हेतु कक्षा 12 में गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

4 बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष/सेमेस्टर बायों समूह में प्रवेश हेतु कक्षा 12 में जीव विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

5 बी0काम0 प्रथम सेमेस्टर में केवल वाणिज्य या गणित समूह के छात्र ही आवेदन कर सकते हैं। उन्हे कक्षा 12 में वाणिज्य/गणित विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## प्रवेश प्रक्रिया

1 सर्वप्रथम अभ्यर्थी को स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 220.00)के पश्चात निर्देशों के आलोक में आवेदन करना होगा।

2 मेरिट लिस्ट निर्गत होने के पश्चात इसमे नाम आने की स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय पर संलग्नकों का भौतिक सत्यापन कराना होगा।

3 इसके पश्चात पंजीकरण के लॉगिन व पासवर्ड का उपयोग करते हुए नई शिक्षा नीति–2020 के अनुसार विषय चयन व शुल्क भुगतान अभ्यर्थी द्वारा स्वयं ऑनलाइन किया जायेगा तथा शुल्क रसीद की सत्यापित प्रति महाविद्यालय से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

4 किसी भी दशा में मेरिट लिस्ट की समय सीमा समाप्त होने पर प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

## विषय चयन

नयी शिक्षा नीति के अनुसार स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेशित विद्यार्थियों को 3 मुख्य विषय (6 क्रेडिट प्रति विषय प्रति सेमेस्टर) के साथ एक माइनर इलेक्टिव विषय (4/5/6 क्रेडिट का एक पेपर प्रति दो सेमेस्टर), एक कौशल विकास पाठ्यक्रम (3 क्रेडिट का प्रति सेमेस्टर एक पाठ्यक्रम) तथा एक सह– पाठ्यक्रम (प्रति सेमेस्टर एक पाठ्यक्रम) का अध्ययन करना होगा। अर्थात्–

| क्रम संख्या | विषय | संकाय | अध्ययन का समय | विशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य विषय–1 | स्वयं संकाय * | 6 सेमेस्टर | एक वर्ष बाद क्रम परिवर्तनीय |
| 2 | मुख्य विषय–2 | स्वयं संकाय * | 6 सेमेस्टर | |
| 3 | मुख्य विषय–3 | स्वयं संकाय ** | 4 सेमेस्टर | |
| 4 | माइनर विषय–4 | अन्य संकाय ** | 4 सेमेस्टर # | वार्षिक पाठ्यक्रम |
| 5 | व्यवसायिक या कौशल विकास पाठ्यक्रम | विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित व संचालित | 4 सेमेस्टर # | दो सेमेस्टर के प्रोग्रेसिव पाठ्यक्रम और प्रति वर्ष परिवर्तनीय |
| 6 | सह–पाठ्यक्रम | उ0प्र0 प्रशासन द्वारा परिभाषित व संचालित | 6 सेमेस्टर | प्रति सेमेस्टर एक और 40प्रतिशत अंकों के साथ क्वलीफाइंग पाठ्यक्रम |

*** विद्यार्थी द्वारा चुना गया संकाय,**

**** बी0ए0 पाठ्यक्रम में कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के छात्र भाषा संकाय के विषय को मुख्य विषय 03 के रूप में चयनित कर सकते है, जबकि भाषा संकाय के छात्र कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय से मुख्य विषय 03 का चयन कर सकते है।**

**# प्रति वर्ष सम या विषम सेमेस्टर में माइनर विषय का एक पेपर**

**मुख्य (मेजर) विषय तथा माइनर इलेक्टिव पेपर**

1. विद्यार्थी को प्रवेश के समय एक संकाय (कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि) का चुनाव करना होगा और तत्पश्चात उसे उस संकाय के दो मुख्य (मेजर) विषयों का चुनाव करना होगा। यह संकाय विद्यार्थी का अपना संकाय कहलायेगा जिसका अध्ययन वह तीन वर्ष (प्रथम से छठे सेमेस्टर) तक कर सकता है।
2. तीसरे मुख्य (मेजर) विषय का चुनाव विद्यार्थी किसी भी संकाय (अपने संकाय सहित) से कर सकता है।
3. विद्यार्थी द्वितीय/तृतीय वर्ष में मुख्य विषय के क्रम में परिवर्तन कर सकता है। छात्र को विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों में विषयों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार विषय परिवर्तन की सुविधा होगी, परन्तु वह एक वर्ष के बाद ही विषय क्रम परिवर्तित कर सकता है, एक सेमेस्टर के बाद नहीं।
4. माइनर इलैक्टिव कोर्स किसी भी विषय का पेपर (4/5/6 क्रेडिट) होगा, न कि पूर्ण विषय। माइनर इलेक्टिव पेपर छात्र को किसी भी संकाय से लेना होगा। इसके लिये किसी भी pre-requisite की आवश्यकता नहीं होगी ।
5. बहुविषयकता सुनिश्चित करने के लिये स्नातक स्तर पर माइनर इलैक्टिव पेपर सभी छात्रों को किसी भी चौथे विषय (उसके द्वारा लिए गए तीन मुख्य विषयों के अतिरिक्त) से लेना होगा।
6. **तीसरे मुख्य (मेजर) विषय तथा माइनर इलेक्टिव पेपर का चयन छात्र द्वारा इस प्रकार किया जाएगा कि इनमें से कम से कम एक अनिवार्यतः अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय से हो।**
7. विद्यार्थी को प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (स्नातक) में माइनर इलैक्टिव विषय (एक माइनर पेपर/प्रति वर्ष) लेना अनिवार्य होगा। विद्यार्थी अपनी सुविधा से सम अथवा विषम सेमेस्टर में उपलब्ध माइनर इलैक्टिव पेपर का चुनाव कर सकता है। माइनर इलेक्टिव पेपर का चुनाव संस्थान में संचालित विषयों के पेपर में से किया जायेगा। चुने हुए माइनर पेपर की कक्षायें फैकल्टी में संचालित उसी कोर्स की कक्षाओं के साथ ही होंगी तथा उसकी परीक्षा भी उसी के साथ होंगी विश्वविद्यालय /महाविद्यालय, उपलब्ध सीटों के आधार पर माइनर विषय के पेपर को आवंटित कर सकता है।

## मुख्य विषय (Major Subjects)

1 विद्यार्थी को प्रवेश के समय एक संकाय यथा **कला संकाय** (**भाषा संकायः** हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत अथवा **कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकायः** रक्षा एवं सामरिक अध्ययन, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा), **विज्ञान संकाय** (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान), **वाणिज्य संकाय** का चुनाव करना होगा। और तत्पश्चात उसे उस संकाय के दो मुख्य (मेजर) विषयों का चुनाव करना होगा।

2 एन0ई0पी0 के अनुसार छात्र किसी संकाय से तीसरा विषय ले सकता है।

## गौड़ विषय (Minor Subjects)

1 माइनर इलेक्टिव पेपर या चतुर्थ विषयः माइनर इलैक्टिव कोर्स किसी भी विषय का 4/5/6 क्रेडिट पेपर होगा। जिसका चुनाव छात्र द्वारा स्वयं के संकाय या अन्य संकाय से किया जाना है।

2 तीसरे मुख्य (मेजर) विषय तथा माइनर इलेक्टिव पेपर का चयन छात्र द्वारा इस प्रकार किया जाएगा कि इनमें से कम से कम एक अनिवार्यतः अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय से हो।

**नई शिक्षा नीति–2020 एवं विश्वविद्यालय नियमावली के अन्तर्गत महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों/सीटों की उपलब्धता के आधार विद्यार्थियों द्वारा विषय समूहों का चयन निम्नानुसार किया जायेगा।**

| **विषय** | **बी0काम0** | **बी0ए0 (भाषा)** | **बी0ए0 (भाषा)** | **बी0ए0** (कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) | **बी0ए0** (कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान ) | **बी0एससी0** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मेजर विषय–1 | वणिज्य संकाय | भाषा | भाषा | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | विज्ञान संकाय |
| मेजर विषय–2 | वणिज्य संकाय | भाषा | भाषा | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | विज्ञान संकाय |
| मेजर विषय–3 | वणिज्य संकाय | भाषा | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | भाषा | विज्ञान संकाय |
| माइनर विषय–4 | बी0ए0 एवं विज्ञान संकाय | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान /वाणिज्य/ विज्ञान संकाय | किसी भी संकाय से | भाषा/वाणिज्य /विज्ञान संकाय | किसी भी संकाय से | कला (बी0ए0) संकाय / वाणिज्य संकाय |

## संकायवार विषय वर्गीकरण निम्नवत् हैं:–

| | A-Faculty of Language (भाषा संकाय) | | B-Faculty of Arts & Humanities (कला एवं मानविकी संकाय) |
|---|---|---|---|
| i | अंग्रेजी | i | रक्षा एवं सामरिक अध्ययन |
| Ii | हिन्दी | ii | अर्थशास्त्र |
| iii | संस्कृत | iii | भूगोल |
| iv | | iv | इतिहास(मध्यकालीन एवं आधुनिक) |
| v | | v | राजनीति विज्ञान |
| vi | | vi | मनोविज्ञान |
| vii | | vii | सामाजिक विज्ञान |
| viii | | viii | शारीरिक शिक्षा |

| | C-Faculty of Science (विज्ञान संकाय) | | D-Faculty of Commerce (वाणिज्य संकाय) |
|---|---|---|---|
| i | गणित | i | वाणिज्य |
| ii | भौतिक विज्ञान | | |
| iii | रसायन विज्ञान | | |
| iv | संख्यिकी | | |
| v | जन्तु विज्ञान | | |
| vi | वनस्पति विज्ञान | | |

***कौशल विकास पाठ्यक्रम*** **(Vocational/ Skill development Courses)**

स्नातक प्रथम के प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कौशल विकास पाठ्यक्रम को प्रथम दो वर्ष (04 सेमेस्टर) में अध्ययन अनिवार्य रहेगा। पाठ्यक्रम दो सेमेस्टर के प्रोग्रेसिव होंगे अतः प्रति वर्ष एक का चुनाव करना होगा। विश्वविद्यालय द्वारा मान्य एवं महाविद्यालय द्वारा संचालित निम्न कौशल विकास पाठ्यक्रमों का चयन अनुमन्य होगा।

| क्रम संख्या | कक्षा | कौशल विकास पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | बी0ए0 | Office Automation Using MS Office |
| | | School Psychology |
| | | Disaster Management |
| | | Functional English |
| | | Physical Education and Sports |
| | | Srajanatmak Lekhan Hindi |
| 2 | बी0एससी0 | Laboratory Technician in Chemistry |
| | | Laboratory Technician in Physics |
| | | Food Processing and Preservation |
| | | Computer Application /Office Automation Using MS Office |
| | | Physical Education and Sports |
| | | Preservation of Household Cleaning Agent and Disinfectant |
| 3 | बी0काम0 | Office Automation Using MS Office |
| | | Disaster Management |
| | | Computer Application |
| | | Physical Education and Sports |

**सह–पाठ्यक्रम (Co-Curricular Courses)**

स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को तीन वर्षो (छः सेमेस्टरर्स) के प्रत्येक सेमेस्टर में एक सह–पाठ्यक्रम करना अनिवार्य होगा। इन छः सह–पाठ्यक्रमों के सिलेबस उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। इन सभी सह–पाठ्यक्रमों को 40 प्रतिशत अंको के साथ विद्यार्थी को उत्तीर्ण करना होगा। विद्यार्थी की ग्रेड सीट पर इनके प्राप्तांकों पर आधारित ग्रेड तो अंकित होंगे, परन्तु उन्हें सी.जी.पी.ए. की गणना में सम्मलित नहीं किया जायेगा ।

| क्रम संख्या | सेमेस्टर | सह–पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | 1 | Food, Nutrition and Hygiene |
| 2 | 2 | First Aid and Health |
| 3 | 3 | Human Values and Environment studies |
| 4 | 4 | Physical Education and Yoga |
| 5 | 5 | Analytic Ability and Digital Awareness |
| 6 | 6 | Communication Skills and Personality Development |

**नोटः–**

1 स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु, अर्हता वर्ष इण्टरमीडिएट परीक्षा का 2022 में उत्तीर्ण होना है। अर्हता वर्ष में अधिकतम 02 वर्ष का अकादमिक गैप उपयुक्त साक्ष्यों एवं शपथपत्र के अधीन अनुमन्य होगा।

2 बी0एस0सी0 प्रथम सेमेस्टर गणित विषय में प्रवेश हेतु कक्षा 12 में गणित विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

3 बी0एस0सी0 प्रथम सेमेस्टर बायो विषय में प्रवेश हेतु कक्षा 12 में जीव विज्ञान विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

4 बी0काम0 प्रथम सेमेस्टर में केवल वाणिज्य या गणित समूह के छात्र ही आवेदन कर सकते हैं। उन्हे कक्षा 12 में वाणिज्य/गणित विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

5 बी0काम0 (एडेड) व बी0एस0सी0 के छात्रों को प्रथम सेमेस्टर के विषयों से माइनर विषय–4 का चयन करना होगा। जबकि बी0काम0 स्ववित्तपोषित एवं बी0ए0 के छात्रों को द्वितीय सेमेस्टर के विषयों से माइनर विषय–4 का चयन करना होगा।

# स्नातक द्वितीय वर्ष ( तृतीय –चतुर्थ सेमेस्टर)

# हेतु अर्हता, विषय चयन प्रारूप एवं प्रवेश निर्देश

## प्रवेश अर्हता एवं विषय चयन

1 नई शिक्षा नीति–2020, शासन एवं विश्वविद्यालय नियमों के आलोक स्नातक तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश अनुमन्य होगा।

2 केवल उन्हीं छात्रों का प्रवेश सम्भव होगा जो स्नातक प्रथम वर्ष पी0पी0एन0 महाविद्यालय से अध्ययन कर विश्वविद्यालय द्वारा उत्तीर्ण या नई शिक्षा नीति के तहत कक्षोन्नति (प्रमोटेड) हों।

3 किसी भी दशा में अन्य किसी महाविद्यालय के उत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

4 विद्यार्थी के मुख्य विषय (प्रथम वर्ष में चुने गये) यथावत रहेगें किन्तु उनके क्रम में परिवर्तन सम्भव होगा।

5 स्नातक प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर में चयनित माइनर विषय तृतीय /चतुर्थ सेमेस्टर में यथावत रहेगें।

6 स्नातक प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में चयनित कौशल विकास पाठ्यक्रम (वोकेशनल कोर्सेस) को छोड़कर अन्य संचालित कौशल विकास पाठ्यक्रम का चयन तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर में अनुमन्य एवं आनिवार्य होगा।

7 स्नातक तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में शासन द्वारा निर्धारित एक–एक सह विषय (को–करीकुलर कोर्सेस) का अध्ययन अनिवार्य होगा।

## प्रवेश प्रक्रिया एवं निर्देश

1 अभ्यर्थी को स्नातक तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 220.00) के पश्चात दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए, ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित समयसीमा में प्रवेश लेना होगा।

**2** निर्धारित तिथि तक प्रवेश न लेने पर प्राचार्य आदेश के पश्चात विलम्ब शुल्क के साथ ही प्रवेश होगा।

**नोटः– स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी0काम0(छात्रा) के विद्यार्थियों का प्रवेश स्नातक तृतीय सेमेस्टर में पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से उपरोक्तानुसार होगा।**

# स्नातक तृतीय वर्ष एवं परास्नातक उत्तरार्द्ध में प्रवेश हेतु निर्देश

## स्नातक तृतीय वर्ष

1 पी0पी0एन0 महाविद्यालय के स्नातक ‌द्वितीय वर्ष के उत्तीर्ण विद्यार्थी ही स्नातक तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु अनुमन्य होगे।

2 बी00ए0 द्वितीय वर्ष में बैक पेपर हेतु अर्ह विद्यार्थी स्नातक तृतीय वर्ष में अस्थाई प्रवेश हेतु अनुमन्य होंगे।

3 स्नातक द्वितीय वर्ष (बी0ए0/बी00एस0सी0) के तीन विषयों में से किन्हीं दो विषयों का ही चयन स्नातक तृतीय वर्ष में अनुमन्य होगा।

4 बी0काम0 तृतीय वर्ष में प्रवेश के समय विद्यार्थी को मार्केटिंग एवं फाइनेंसिंग समूह में से किसी एक विकल्प का चुनाव करना अनिवार्य होगा।

## परास्नातक उत्तरार्द्ध

1. पी0पी0एन0 महाविद्यालय के परास्नातक पूर्वार्द्ध के उत्तीर्ण विद्यार्थी ही परास्नातक उत्तरार्द्ध में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।
2. परास्नातक प्रथम वर्ष में बैक पेपर हेतु अर्ह विद्यार्थी परास्नातक द्वितीय वर्ष में अस्थाई प्रवेश हेतु अनुमन्य होंगे।

## प्रवेश प्रक्रिया एवं निर्देश

1 अभ्यर्थी को स्नातक तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 220.00) के पश्चात दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए, ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित समयसीमा में प्रवेश लेना होगा।

**2** निर्धारित तिथि तक प्रवेश न लेने पर प्राचार्य आदेश के पश्चात विलम्ब शुल्क के साथ ही प्रवेश होगा।

**नोटः— स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी0काम0(छात्रा), एम0काम0 एवं एम0एस0सी0 (जन्तु विज्ञान) के विद्यार्थियों का प्रवेश स्नातक तृतीय वर्ष/परास्नातक उत्तराद्ध में पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से उपरोक्तानुसार होगा।**

# परास्नातक प्रथम वर्ष (पूर्वार्द्ध) में
# प्रवेश हेतु अर्हता, निर्देश एवं प्रक्रिया

एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) एवं एम0एससी पूर्वार्द्ध (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) में अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः आनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा। जिससे सम्बन्धित अर्हता, निर्देश एवं प्रवेश प्रक्रिया निम्नवत है।

## प्रवेश हेतु अर्हता एवं निर्देश

1. अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा विधिमान्य विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. स्नातक में न्यूनतम अंक प्रतिशत 40% होना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु उक्त प्रतिशत सीमा से 5% की छूट अनुमन्य होगी। साथ ही 2% की छूट प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों हेतु अनुमन्य होगी। किसी भी दशा में कुल छूट 5% से अधिक नहीं होगी।
3. त्रि–वर्षीय बी0ए0 उत्तीर्ण छात्र केवल तृतीय वर्ष के विषय में ही एम0ए0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।
4. यदि अंग्रेजी भाषा/हिन्दी भाषा विषय स्नातक तृतीय वर्ष में हों तो अभ्यर्थी एम0ए0 अंग्रेजी/हिन्दी में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।
5. बी0एस0सी0 एवं बी0काम0 उत्तीर्ण छात्र एम0ए0 में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं जिस हेतु स्नातक में न्यूनतम अंक प्रतिशत 40% होना अनिवार्य है।
6. एम0एससी0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश, बी0एससी0 तृतीय वर्ष में अध्ययन किये गये विषय में ही अनुमन्य होगा।

## प्रवेश हेतु निर्देश

1. प्रवेश हेतु अर्हता वर्ष–2022 (स्नातक उत्तीर्ण वर्ष) से पूर्व अधिकतम 2 वर्ष का अकादमिक गैप उपयुक्त कारणों, साक्ष्यों एवं शपथपत्र के अधीन अनुमन्य होगा। उक्त की स्थिति में प्रति गैप वर्ष के लिए 1% अंक की घटोत्तरी के साथ मेरिट कट–आफ में स्थान अनुमन्य होगा।
2. स्नातक के बाद बी0एड0 एवं डी0एल0एड0 परीक्षा उत्तीर्ण छात्र अकादमिक गैप की श्रेणी में नहीं आयेगें इनके लिए अर्हता वर्ष–2020 होगा।
3. हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के उत्तीर्ण वर्ष पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है।
4. नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सत्र 2022–23 से परास्नातक पूर्वार्द्ध में प्रवेश विश्वविद्यालय निर्देशों के आलोक में पूर्णतः प्रभावी होगा।
5. नई शिक्षा नीति के अनुरूप परास्नातक पूर्वार्द्ध में महाविद्यालय द्वारा निर्धारित द्वितीय सेमेस्टर में अन्य संकाय के किसी विषय के एक वैकल्पित पेपर का चयन माइनर विषय के रुप में अनिवार्य होगा। साथ ही परास्नातक पूर्वार्द्ध के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में 04–04 क्रेडिट का निर्धारित प्रोजेक्ट वर्क करना अनिवार्य होगा।
6. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन ) एवं एम0एससी पूर्वार्द्ध (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) में अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः मेरिट–कटआफ के आधार पर होगा।

# प्रवेश प्रक्रिया

1 सर्वप्रथम अभ्यर्थी को परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/ अथवा https://ppn.rccknp.com) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 220.00) करना होगा।

2 पंजीकरण के पश्चात ईमेल पर प्राप्त लागिन एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए आनलाइन आवेदन को दिये गये निर्देशों के आलोक में पूर्ण कर अंतिम रूप से सब्मिट करना होगा।

3 दिये गये मेरिट कट–आफ के दिन अभ्यर्थी को अभिलेखों (अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों) के भौतिक सत्यापन हेतु महाविद्यालय आकर सम्बन्धित विभाग की समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा।

4 भौतिक सत्यापन हेतु अभ्यर्थी अपने सभी मूल दस्तावेज (वि0वि0 पंजीकरण से सम्बन्धित लेटर, हाईस्कूल अंकपत्र और प्रमाणपत्र, इण्टरमीडिएट अंकपत्र और प्रमाणपत्र, तीनों वर्ष के स्नातक अंक पत्र, टी0सी0, सी0सी0, जाति प्रमाणपत्र एवं ईडब्लूएस प्रमाण पत्र, डिफेन्स डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र, स्वतंत्रता सेनानी डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, खेल से सम्बन्धित प्रमाणपत्र, 2–रंगीन फोटो इत्यादि) लेकर आयेंगे। साथ ही आवेदन प्रिंटआउट एवं सभी मूलदस्तावेजों की एक छायाप्रति/फोटोकापी अनिवार्य रुप से लेकर आयेंगे। वर्ष अन्तराल के सन्दर्भ में, अभ्यर्थी को उसके अनुरोध के सापेक्ष उपयुक्त साक्ष्यों के साथ Rs.10/- स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र अनिवार्य रूप से देना होगा।

5 भौतिक सत्यापन के पश्चात अभ्यर्थी को विषय चुनाव और शुल्क के भुगतान हेतु एस0एम0एस0 अथवा ईमेल प्राप्त होगा।

6 इसके पश्चात पंजीकरण के लॉगिन व पासवर्ड का उपयोग करते हुए नई शिक्षा नीति–2020 के अनुसार विषय चुनाव व शुल्क भुगतान अभ्यर्थी द्वारा स्वयं ऑनलाइन किया जायेगा।

7 तत्पश्चात महाविद्यालय से शुल्क रसीद की सत्यापित प्रति महाविद्यालय से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

8 किसी भी दशा में दिये गये दिन के मेरिट कट–आफ के नीचे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

# विषय चयन संरचना

| क्रमांक | विषय | सेमेस्टर | पेपर एवं क्रेडिट | कुल क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **मुख्य विषयः**<br>एम0ए0/एम0एससी0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश हेतु आवेदित विषय | 1 | **सैद्धान्तिक विषयः** 05–05 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर<br>**प्रायोगिक विषयः** 04–04 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर तथा 04 क्रेडिट का प्रायोगिक वर्क / प्रैक्टिकल | **20** |
| | | 2 | **सैद्धान्तिक विषयः** 05–05 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर<br>**प्रायोगिक विषयः** 04–04 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर तथा 04 क्रेडिट का प्रायोगिक वर्क / प्रैक्टिकल | **20** |
| 2 | **माइनर विषयः**<br>अन्य संकाय के किसी विषय का एक वैकल्पित पेपर | 2 | अन्य संकाय के किसी विषय का 04 या 05 क्रेडिट एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर | 04/05 |
| 3 | **शोध परियोजना (रिसर्च प्रोजेक्ट) /सर्वे/ इडस्ट्रियल ट्रेनिंग** | 1<br>2 | प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में 04–04 क्रेडिट की शोध परियोजना, जिसका मूल्यांकन द्वितीय सेमेस्टर में 08 क्रेडिट में किया जायेगा। | 08 |
| | | | **कुल क्रेडिट** | 52/53 |

**नोटः**

1. एम0एससी0 पूर्वार्द्ध के छात्र एम0ए0/एम0काम0 के किसी विषय के एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
2. एम0काम0 पूर्वार्द्ध के छात्र एम0ए0 के किसी विषय के एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
3. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अंग्रेजी, हिन्दी) के छात्र एम0ए0 (अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन)/एम0काम0 के किसी विषय के एक वैकल्पित सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
4. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) के छात्र एम0ए0 (अंग्रेजी, हिन्दी)/एम0काम0 के किसी विषय के एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
5. शोध परियोजना (रिसर्च प्रोजेक्ट)/सर्वे/इडस्ट्रियल ट्रेनिंग का आवंटन सम्बन्धित विभाग द्वारा किया जायेगा।
6. परास्नातक पूर्वार्द्ध में प्रवेश की सम्भावना मेरिट कटआफ की प्राथमिक तिथियों में अधिकतम होगी।
7. परास्नातक पूर्वार्द्ध के किसी विषय में प्रवेश, सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित आवश्यक शर्तों तथा पात्रता के अधीन होगा।

# स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अर्हता, निर्देश एवं प्रक्रिया

## प्रवेश हेतु अर्हता एवं निर्देश

1 बी0काम0 प्रथम वर्ष (छात्रा) आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी को इण्टरमीडिएट/10+2/समतुल्य कक्षा में उत्तरप्रदेश शासन या भारत सरकार द्वारा विधिमान्य संस्था/बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2 परास्नातक प्रथम वर्ष (एम0काम0 एवं एम0एससी0 जन्तुविज्ञान) में आवदेन करने के लिए अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा विधिमान्य विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही तृतीय वर्ष में आवेदित विषय का होना अनिवार्य है।

3 बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम योग्यता इण्टरमीडिएट/10+2/समतुल्य कक्षा में उत्तरप्रदेश शासन या भारत सरकार द्वारा विधिमान्य संस्था/बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## प्रवेश प्रक्रिया

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों (बी0बी0ए0, बी0सी0ए0, बी0काम0–छात्रा, एम0काम0 एवं एम0एससी–जन्तुविज्ञान) में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र–छात्राएं अलग से प्रवेश फार्म एवं विवरणिका महाविद्यालय के प्रोफेशनल एवं सेल्फ फाइनेन्स विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

**Department of Professional & Self Financed Courses**

***Office: 7755003400***
***For BBA: 7839688036***
***For BCA: 6386403086, 888761445***
***For B.Com.-Girls only: 7755003400, 7668436748***
***For M.Sc.-Zoology: 8707620897, 8090005464***
***For M.Com. : 7755003400, 9389411159***

# महत्वपूर्ण प्रवेश अनुदेश

- ✓ स्नातक एवं परास्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के अभ्यर्थी अपने आन लाइन आवेदन पत्र स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से भरकर पूर्व में उत्तीर्ण की गयी समस्त परीक्षाओं की वांछित अंकतालिकाओं की छायाप्रतियां अपलोड करें। निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त कोई भी प्रवेश फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
- ✓ आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी आन लाइन आवेदित फार्म में निर्धारित कालम में अपना वर्ग/जाति स्पष्ट रूप से सावधानी पूर्वक अंकित करें, स्पष्ट रूप से श्रेणी व जाति अंकित न किये हुए फार्म सामान्य श्रेणी के माने जायेंगे। प्रवेश फार्म में एक बार अंकित आरक्षण श्रेणी किसी भी दशा में परिवर्तित नहीं की जायेगी। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी यह भी ध्यान रखें कि उनके जाति प्रमाण–पत्र में अंकित श्रेणी/जाति उनके स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (T.C.) में भी अंकित होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश राज्य में अभ्यर्थियों के नाम बने एवं शासन की वेबसाईट पर सत्यापन योग्य जाति प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे। किसी भी प्रकार की विसंगति में आरक्षण का लाभ देना सम्भव न होगा।
- ✓ आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी यदि निर्धारित कालम नहीं भरते हैं किन्तु प्रमाण पत्र लगाते हैं या कालम भरते हैं पर प्रमाण पत्र नहीं लगाते हैं तो ऐसे वे अभ्यर्थी सामान्य वर्ग में माने जायेंगे। प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र आवेदन की प्राप्ति रसीद अपलोड करनी होगी। किसी भी दशा में अभिलेखों के सत्यापन हो जाने के बाद कोई भी प्रमाण–पत्र स्वीकार नहीं होगा।
- ✓ किसी भी दशा में पिछड़े वर्ग के प्रवेशार्थी का जाति प्रमाण–पत्र **01/07/2019** के पूर्व का मान्य नहीं होगा।
- ✓ उपवर्ग श्रेणी के प्रवेशार्थियों को आरक्षण का लाभ लेने के लिए सम्बन्धित प्रमाण–पत्र आवेदन–पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
- ✓ EWS श्रेणी में आरक्षण के लाभ हेतु नवीनतम EWS प्रमाणपत्र अपलोड करना आनिवार्य है।
- ✓ प्रवेश फार्म में यदि किसी तथ्य को छिपाया गया अथवा कोई सूचना गलत पायी गयी अथवा अंक तालिका व अन्य अभिलेख सत्यापन पर गलत पाये गये तो अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।
- ✓ यदि अभ्यर्थी एक से अधिक सकायों विषय समूहों में आवेदन करना चाहता है तो उसे अलग–अलग आनलाइन आवेदन फार्म भरने होंगे।
- ✓ एक वर्ग के लिए एक प्रवेश फार्म ही मान्य होगा।
- ✓ परास्नातक (एम0 ए0/एम0एससी0) प्रथम वर्ष में केवल वही छात्र अर्ह होंगे जिन्होंने बी0ए0/बी0एससी0/बी0काम त्रिवर्षीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इसमें किसी प्रकार की छूट नहीं है।
- ✓ प्रवेश समिति की संस्तुति के बाद विषय परिवर्तन सम्भव नहीं है। परास्नातक पूर्वार्द्ध में अलग अलग विषयों के लिए अलग आनलाइन आवेदन पत्र भरने होंगे।
- ✓ अनुत्तीर्ण, अनुचित साधन प्रयोग में दण्डित तथा ऐसे विद्यार्थियों को जिन पर अनुशासनहीनता की कार्यवाही हो चुकी है, प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
- ✓ ऐसे अभ्यर्थी जो किसी अपराध में दण्डित हो चुके हों या जिन पर किसी प्रकार के अपराधिक मामले दर्ज हों, को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। ऐसे तथ्य छिपाकर प्रवेश लिये अभ्यर्थी की समुचित जानकारी प्राप्त होने पर उनका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
- ✓ मेरिट लिस्ट/प्रतिक्षा सूची में आने पर यदि अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं लेता है तो बाद में किसी भी परिस्थिति में उसको प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

- ✓ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों की दशा में समक्ष अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र अपलोड करने पर शासन एवं विश्वविद्यालय के परिनियमों के निर्धारित मानक के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित का तात्पर्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र/पौत्री से है।
- ✓ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को 11वीं तथा 12वीं कक्षा के वर्षकाल में प्रतिभागियों को शासन के क्रीडा मंत्रालय द्वारा राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर चुने जाने का प्रामण पत्र अपलोड करने पर ही मान्य होंगे। परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता में राज्य/राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 2 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।
- ✓ स्नातक एवं परास्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अर्हता वर्ष –2022 (इण्टरमीडिएट/स्नातक उत्तीर्ण वर्ष) से अधिकतम दो वर्ष गैप की छूट उपयुक्त साक्ष्यों एवं शपथपत्र के अधीन मेरिट में प्रतिवर्ष 1% अंको की घटोत्तरी के साथ अनुमन्य होगी।
- ✓ किसी भी कक्षा (बी0एससी0 प्रथम वर्ष, बी0ए0 प्रथम वर्ष एवं बी0काम0 प्रथम वर्ष तथा एस0एससी0 प्रथम वर्ष एवं एम0ए0 प्रथम वर्ष) में अनुसूचित जाति व जनजाति की सीटें न भरने की स्थिति में, पुनः आवेदन हेतु सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट www.ppncollege.org पर दी जायेगी।
- ✓ अन्य प्रदेशों के प्रवेशित किये जाने वाले अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के परिनियमों के निर्धारित मानक के आधार पर सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) के अन्तर्गत माना जायेगा।
- ✓ बी.ए. द्वितीय, तृतीय एवं परास्नातक एम.ए, एम.एस–सी. उत्तरार्द्ध में किसी अन्य महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के छात्रों का प्रवेश नहीं होगा।
- ✓ प्राचार्य को बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रवेश को निरस्त करने का अधिकार होगा।

## प्रवेश हेतु वांछित प्रपत्र/अभिलेख

मेरिट लिस्ट निकलने के पश्चात् समस्त अर्ह अभ्यर्थी निम्न प्रपत्रों/अभिलेखों को सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें :–

1. प्रवेश के समय समस्त अंकतालिकाएं एवं प्रमाण–पत्र, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी0सी0) एवं पूर्व संस्था द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रतियाँ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. व्यक्तिगत अभ्यर्थी पूर्व संस्था के प्राचार्य तथा किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें।
3. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। अगर अभ्यर्थी के पिता व्यापार करते हैं तो आयकर अधिकारी का प्रमाण–पत्र, नौकरी करते हैं तो नियोक्ता का प्रमाण–पत्र तथा यदि अन्य कोई कार्य करते हैं तो तहसीलदार का संलग्न प्रारूप में बना प्रमाण–पत्र अपलोड करें।
4. विवरण पत्रिका के साथ संलग्न प्रारूप में ही बने हुए जाति प्रमाण–पत्र मान्य होंगे।
5. विकलांग अभ्यर्थी मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त शारीरिक विकलांगता प्रमाण–पत्र अपलोड करें।
6. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित (पौत्र/पौत्री) युद्ध में शहीद सेना कर्मियों के पुत्र/पुत्री, शासन द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र अपलोड करें।
7. तीन पासपोर्ट आकार फोटो।

# महत्वपूर्ण नियम एवं निर्देश

1. शासन, शिक्षा निदेशालय एवं छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0 के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक छात्र/छात्राओं की प्रत्येक सत्र में हुए कुल व्याख्यानों में **75** प्रतिशत की उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति पूरा न करने वाले छात्र को मुख्य परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जायेगा।
2. समस्त छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति उन्हें महाविद्यालय द्वारा निर्गत परिचय पत्र में उनके लगे हुए फोटो/अन्य विवरण से मिलान करने के पश्चात् ही दी जायेगी। प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय परिसर में अनुशासित वातावरण बनाये रखना अनिवार्य होगा।
3. परिसर में स्थापित क्लोज्ड सर्किट टी0वी0 कैमरों से प्रत्येक छात्र/छात्रा की गतिविधियों पर निगरानी रखने की व्यवस्था है।
4. प्रत्येक छात्र/छात्रा को मुख्य अनुशासक तथा प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित परिचय–पत्र सावधानी पूर्वक सदैव अपने पास रखना होगा एवं माँगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा। परिचय पत्र खो जाने की स्थिति में छात्र/छात्रा को नजदीकी पुलिस थाने में की गयी रिपोर्ट की प्रति एवं महाविद्यालय कार्यालय में रु0 100/– अर्थदण्ड जमा किये जाने के बाद ही डुप्लिकेट परिचय पत्र निर्गत किया जायेगा।
5. पुस्तकालय से स्नातक छात्र/छात्रा को पुस्तकें प्राप्त करने के लिए पुस्तकालय काउण्टर पर परिचय पत्र दिखाकर पुस्तकालय कार्ड बनवाना होगा। परास्नातक छात्र/छात्रा पुस्तकें विभागीय पुस्तकालय से पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। पुस्तकालय कार्ड खो जाने की दशा में छात्र/छात्रा को प्रति कार्ड रु0 100.00 अर्थदण्ड जमा करने के पश्चात् ही डुप्लिकेट पुस्तकालय कार्ड प्राप्त हो सकेगा।
6. काशन मनी के अतिरिक्त छात्र/छात्रा द्वारा एक बार जमा की गयी कोई भी फीस वापस नहीं लौटायी जायेगी। विज्ञान वर्ग के छात्र/छात्राओं की काशनमनी उनके अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण होने के अगले वर्ष 31 मार्च तक देय होगी।
7. महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान, पान/गुटखा खाना अथवा किसी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन करना निषेध है।

1\. सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसी भी प्रकार की रैगिंग पूरी तरह वर्जित है, दोषी पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

2\. महाविद्यालय परिसर में मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।

3\. महाविद्यालय परिसर मंे छात्र/छात्राओं द्वारा चार पहिया वाहनों  का लाना वर्जित है।

4\. महाविद्यालय में कोई ड्रेस कोड नहीं है, तथापि छात्र/छात्राओं से अपेक्षा है कि वे छात्र गरिमा के अनुकूल शालीन परिधान में महाविद्यालय परिसर में आयें।

12 सभी छात्र/छात्राएं अपने टाइम टेबल के अनुरूप ही महाविद्यालय आयें। परिसर में अनावश्यक रुकने की अनुमति नहीं है।

13 समस्त छात्र/छात्राएँ महाविद्यालय द्वारा निर्धारित नियम पालन के लिए बाध्य है।

14 समस्त छात्रों को जारी परिचय पत्र प्रत्येक सत्र में दिये जायेगें, महाविद्यालय छोड़ने पर चरित्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र तभी देय होगा जब छात्र उक्त परिचय पत्र महाविद्यालय कार्यालय में वापस करेगा।

# महाविद्यालय सुविधाएं एवं विशेषताएं

## क्रीड़ा (शारीरिक शिक्षा)

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए शारीरिक शिक्षा के अन्तर्गत खेलकूद शिक्षा की समुचित व्यवस्था है साथ ही स्नातक स्तर पर 'शारीरिक शिक्षा' विषय के रूप में भी महाविद्यालय में उपलब्ध है।

1. एक विद्यार्थी अधिकतम तीन खेलों में भाग ले सकेगा।
2. विविध कार्यक्रमों द्वारा कालेज की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को चिन्हित करने की प्रक्रिया सत्र के प्रारम्भ से ही प्रस्तावित है।

## सुझाव एवं परामर्श प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में छात्रों को उचित रोजगार के अवसर सम्बन्धी सूचनाएं प्रदान करने उन्हें कैरियर सम्बन्धी मार्गदर्शन एवं उचित शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव एवं परामर्श प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है, जिसमें छात्रों की सहायता हेतु अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं उपलब्ध हैं तथा बाहर से भी परामर्शदाता आमंत्रित किये जाते हैं।

## कैरियर एवं नियोजन प्रकोष्ठ

समय की आवश्यकता को देखते हुए महाविद्यालय शिक्षा को रोजगारपरक बनाने हेतु कटिबद्ध है। रोजगार के नवीन अवसरों से छात्रों को अवगत कराने एवं उन्हें रोजगार प्रदान करवाने हेतु महाविद्यालय में नियोजन प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है। छात्र/छात्राएं निर्धारित शुल्क देकर यहाँ अपना पंजीकरण करा नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा प्रदत्त अवसरों का लाभ उठा सकते/सकती हैं।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

महाविद्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तीन महत्वपूर्ण उद्देश्यों से चलाया जा रहा है। (1) छात्र/छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता (2) आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक सेवा उपलब्ध कराना (3) समय–समय पर छात्र–छात्राओं एवं महाविद्यालय के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण।

## एन0 सी0 सी0 (नेशनल कैडेट कोर)

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 55वीं बटालियन से सम्बद्ध एन0सी0सी0 यूनिट उपलब्ध है। एन0सी0सी0 में प्रवेश के इच्छुक छात्र एन0सी0सी0 ऑफिसर डॉ0 काशिफ इमदाद से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0)

महाविद्यालय में सी0 एस0 जे0 एम0 विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एन0 एस0 एस0 इकाई संचालित की जा रही है। एन0 एस0 एस0 में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र एन0एस0एस0 प्रभारी डॉ0 कृष्ण कुमार से सम्पर्क कर सकते हैं।

## रोवर्स एवं रेंजर्स

शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदित रोवर्स एवं रेंजर्स कार्यक्रम/इकाई का प्रारम्भ इस वर्ष से महाविद्यालय में किया जा रहा है। प्रत्येक रोवर्स अथवा रेंजर्स इकाईयों में छात्रों/छात्राओं का पंजीकरण पृथक होगा। इसमें प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र/छात्रा प्रभारी श्री अनिल कुमार सिंह व छात्राएं साक्षी राय से सम्पर्क कर सकते हैं।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय का केन्द्रीय पुस्तकालय कानपुर महानगर के उत्कृष्ट पुस्तकालय में से है। विभिन्न विषयों में स्नातक, परास्नातक एवं शोध स्तर की लगभग 80,000 पुस्तकें, सन्दर्भ पुस्तकें शोध जर्नल्स पत्रिकाएं एवं समाचार पत्र उपलब्ध है। महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्रों, शोधार्थियों के लिए निःशुल्क इण्टरनेट व्यवस्था उपलब्ध है। स्नातक छात्रों को एक बार में उनके द्वारा पुस्तकालय पत्र प्रस्तुत करने पर 2 पुस्तकें 15 दिनों के लिए इश्यू की जाती है। जबकि परास्नातक छात्रों को यह सुविधा उनके विभागीय पुस्तकालय के द्वारा उपलब्ध है। पुस्तकालय में रीडिंग रूम सुविधा उपलब्ध है जहाँ छात्र–छात्राएं खाली पीरियड के समय में बैठकर अध्ययन कर सकते हैं।

## ई–लाईब्रेरी (E-Library)

शिक्षण एवं ज्ञान की आधुनिक एवं नवीनतम आवश्यकताओं के अनुरूप महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं/शोधार्थियों हेतु ई–लाईब्रेरी सुविधा उपलब्ध है। इसके अन्तर्गत समस्त छात्र/छात्राओं/शोधार्थियों को न्यूनतम शुल्क पर आनलाइन एवं डिजिटल डाटा के रूप में अर्न्तराष्ट्रीय स्तर की पुस्तकें, जर्नल्स एवं अन्य ज्ञानार्जन सम्बन्धी सामग्री उपलब्ध होगी।

## पूर्व छात्र परिषद (Alumni Association)

महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण किये देश विदेश में अपने ज्ञान एवं प्रतिभा के बल पर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में समाज को अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे छात्रों द्वारा पूर्व छात्र परिषद (Alumni Association) की स्थापना की गई है जिसकी बैठक प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। परिषद की सदस्यता ग्रहण करने हेतु अर्हता एवं अन्य विस्तृत विवरण संयोजक डॉ0 श्रीपाल शर्मा, एसोशिएट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान विभाग से प्राप्त करें।

## गर्ल्स कामन रूम

महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या को देखते हुए प्राचार्य कक्ष के निकट पूर्ण रूप से सुसज्जित कामन रूम उपलब्ध है जहाँ छात्राएं खाली पीरियड में बैठ सकती है।

## छात्रावास

छात्रावास में कुल 25 छात्रों के आवास की व्यवस्था है। छात्रावास में केवल पूर्णकालिक शोध छात्रों तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेधावी छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा, क्योंकि महाविद्यालय उच्च शिक्षा के गुणात्मक प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। छात्रावास में प्रवेश के लिए छात्र छात्रावास अधीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

## छात्रवृत्तियाँ

मेधावी तथा गरीब छात्रों के लिए निम्न छात्रवृत्तियाँ है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय छात्रवृत्ति | 6. | पिछड़ी जाति छात्रवृत्ति |
| 2. | सी0एस0आई0आर0 छात्रवृत्ति | 7. | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी छात्रवृत्ति |
| 3. | प्रतिरक्षा छात्रवृत्ति | 8. | उ0प्र0 पुनर्वास निधि छात्रवृत्ति |
| 4. | विकलांग छात्रवृत्ति | 9. | उ0प्र0 सरकार अनुदान |
| 5. | अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति | 10. | अन्य |

**नोट :** **क–** महाविद्यालय में प्रविष्ट विद्यार्थियों को निर्धारित सीमा के अन्दर पूर्ण शुल्क मुक्ति प्रदान की जायेगी। जिन छात्रों को शुल्क मुक्ति दी जायेगी उन्हें ये सुविधा पूर्व परीक्षा में प्राप्त अंकों तथा एक वार्षिक निर्धारित आय सीमा के अन्तर्गत प्रदान की जायेगी। छात्रवृत्ति हेतु समस्त छात्र/छात्राऐं आवेदन के साथ वर्ष 2021 में जारी आय प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से अपलोड करें।

**ख–**

- सभी छात्र/छात्राओं के आधार कार्ड उनके नाम राष्ट्रीकृत/निजी/ग्रामीण बैक में खुले खातो सें लिंक होना चाहिए।
- आधार कार्ड में छात्र/छात्रा का नाम उसकी जन्मतिथि तथा पिता/माता/पति का नाम उसके हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार अंकित होना चाहिए।
- आधार कार्ड में यदि लिंग (Gender) गलत है तो उसे शुद्ध करा लेना चाहिए।
- यदि किसी छात्र/छात्रा का छात्रवृत्ति हेतु आवेदन उपरोक्त कारणों से या बैंक से आधार लिंक न हो पाने के कारण छूट जाता है अथवा छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति नहीं हो पाती है तो उसके लिए कालेज उत्तरदायी नहीं होगा।

# महाविद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियां

पी0पी0एन0 कालेज अपने स्थापना काल 1959 से ही प्रसिद्ध **विधिवेत्ता एवं शिक्षाविद् स्व0 डा0 देवन्द्र स्वरूप जी** के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा वर्तमान में परम आदरणीय **श्री योगेन्द्र स्वरूप जी, (सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष, बार काउन्सिल उ0प्र0)** के दिशा निर्देशन में विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल किये हुए है, जिसका वर्णन कुछ पन्नों में करना दुरूह कार्य है। इसी को ध्यातव्य रखते हुए विगत कुछ वर्षों की उपलब्धियों को यहां पर रेखांकित करने का संक्षित प्रयास किया गया है।

## विश्वविद्यालय वार्षिक परीक्षाओं में मेडल प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी

विगत वर्षों में महाविद्यालय के विभिन्न विषयों (स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं) के विद्यार्थी अपनी कक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त कर पदकों से अलंकृत होते रहे हैं। इसी क्रम में पिछले सत्र 2020–21 में परास्नातक की छात्रा अपर्णा शुक्ला– मनोविज्ञान, आकांक्षा सिंह– अंग्रेजी एवं प्रज्ञा तिवारी–अर्थशास्त्र को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय द्वारा मेडल प्रदान किये गये हैं।

### रक्षा एवं स्त्रातजिक विज्ञान

एकता सक्सेना पी0सी0एस0(जे) परीक्षा उत्तीर्ण कर मजिस्ट्रेट (न्यायिक) के पद पर चयनित होकर झारखण्ड में सेवारत है। प्रवीण बाजपेई, बेसिक शिक्षा में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं जबकि प्रभात बाजपेई, आशुतोष दुबे, गोपाल सिंह एवं शुभांषु शुक्ला एयरफोर्स/थल सेना/यू0पी0पी0 में चयनित होकर देश की सेवा कर रहे हैं।

### समाजशास्त्र विभाग

मनीष कुमार सिंह असिस्टेन्ट प्रोफेसर सी0एम0पी0 कालेज प्रयागराज, शालिनी धुसिया असिस्टेन्ट प्रोफेसर, एन0 ए0 के0 पी0 महाविद्यालय फर्रूखाबाद, सुखवेन्द्र कुमार प्रवक्ता राजकीय इण्टर कालेज में आयोग एवं विश्वविद्यालय द्वारा चयनित होकर कार्य कर रहे हैं। अभी हाल ही में इस विभाग की छात्रा राजश्री शुक्ला को आई0आई0टी0 कानपुर एवं सुष्मिता सिंह को जे0 एन0 यू0 नई दिल्ली में शोध का अवसर मिला।

### हिन्दी विभाग

पल्लवी मिश्रा, डा0 प्राची, निधि अग्रवाल, कृष्ण कुमार पाल एवं अशोक कुमार वर्मा आयोग द्वारा चयनित होकर विभिन्न महाविद्यालयों में असिस्टेन्ट प्रोफेसर के रूप में कार्य कर रहे हैं। विजय शर्मा, बेसिक शिक्षा में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं जबकि शिवम खरे, प्रोबेशनरी अधिकारी स्टेट बैंक में चयनित होकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। विगत 5 वर्षों में 20 छात्रों ने यू0जी0सी0 नेट/जे0आर0एफ0 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है जबकि 2 छात्र सत्यम कुमार यादव एवं आदर्श शर्मा पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शोध कार्य कर रहे हैं। परास्नातक की छात्रा मुदिता मिश्रा को राष्ट्रीय युवा महोत्व नई दिल्ली में प्रदेश स्तर पर चयनित होकर प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। इनके प्रस्तुति की मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा भी सराहाना की गई।

### मनोविज्ञान विज्ञान

शशिधर गुप्ता बिहार कालेज सेवा आयोग से चयनित होकर वर्तमान में एस0एन0 सिन्हा कालेज, जहानाबाद बिहार में अपना योगदान दे रहे हैं।

### भूगोल विभाग

रत्नेश शुक्ला अपनी योग्यता को साबित करते हुए असिस्टेन्ट प्रोफेसर (भूगोल) के पद पर के0वी0बी0एस0 विश्वविद्यालय आरा, बिहार, अर्जुन सिंह, आकांक्षा द्विवेदी एवं अंकुर द्विवेदी पी0जी0टी0, टी0जी0टी0 एवं डायट में चयनित होकर अपना योगदान दे रहे हैं।

### अर्थशास्त्र विभाग

इस विषय के 05 विद्यार्थी हाल ही में आयोग द्वारा असिस्टेन्ट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर उ0प्र0 के विभिन्न महाविद्यालयों में अपना योगदान देने का कार्य कर रहे हैं। वही अन्य 04 विद्यार्थी, इण्टर कालेज में प्रवक्ता के पद पर चयनित हुए हैं।

## अंग्रेजी विभाग

विगत 5 वर्षों में अंग्रेजी विभाग की आकांक्षा सिंह, कु0 देवप्रिया दास, कु0 शिवानी एवं शैलजा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर गोल्ड मेंडल प्राप्त किया है। इन छात्राओं ने तथा सर्वेनूर, आशिया, शिवानी श्रीवास्तव एवं दीक्षा अवस्थी ने विभिन्न विश्वविद्यालयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर शोधकार्य में संलग्न हैं। इसी विभाग की छात्रा दीपिका सिंह, सब–इंस्पेक्टर पद पर चयनित होकर उत्तर प्रदेश में सेवारत हैं जबकि नव्या केशीवर इंडियन एयरलाइंस में कार्यरत हैं।

## राजनीति विज्ञान विभाग

इस विभाग के छात्र गौरव मिश्रा, 2021 में लोकसेवा आयोग से चयनित होकर गवर्नमेंट पी0जी0 कॉलेज हमीरपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। पूनम अहेरवार तथा आमिर खान ने यूजीसी नेट/जे0आर0एफ0 की परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर शोधकार्य में संलग्न हैं।

## शारीरिक शिक्षा विभाग

विगत पॉच वर्षों में अभय सिंह, स्वाती सिंह, कृष्ण कान्त, मंगेश कुमार यादव एवं साल्वी कटियार ने यू0जी0सी0 नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग की गरिमा को आगे बढ़ाया है। स्वाती सिंह, साल्वी कटियार एवं अभय सिंह वर्तमान में केन्द्र/प्रदेश के विद्यालयों में सह–अध्यापक शारीरिक शिक्षा के पद पर कार्यरत हैं। महाविद्यालय की महिला बास्केटबाल, चेस एवं टेबल टेनिस टीम ने विगत वर्षों में विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों सुन्दरम दीक्षित, देवांश स्वरूप, हर्षिता सिंह, विधि, स्वप्निल भारतिया, आरम्भी शुक्ला, अभिषेक यादव एवं सृष्टि तिवारी को विभिन्न खेलों के लिए अन्तर्विश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं हेतु चयनित किया गया है।

## भौतिक विज्ञान विभाग

डा0 प्रज्योति सिंह बी0एच0यू0 वाराणसी से शोध पूर्ण करने के बाद आयोग द्वारा चयनित होकर उ0प्र0 राजकीय महाविद्यालय में असिस्टेन्ट प्रोफेसर के रूप में सेवा दे रही हैं। आद्या शुक्ला, सोनू विश्वकर्मा, हर्षिता त्रिवेदी, सौम्या गुप्ता, आयुषी, जैनब, अनुरूद्ध, आदिति कपूर, प्रज्ञा मिश्रा, विनीत मिश्रा, नमन राठौर, अरबिन्द कुमार, दीप्ति यादव इत्यादि विद्यार्थी CSIR NET-JRF/GATE प्रवेश परीक्षाएं उत्तीर्ण कर देश के प्रतिष्ठित एवं मान्यता प्राप्त संस्थानों/संगठनों जैसे IIT Roorkee, IIT Madras, IIT Kharagpur, IIT Roper, IIT Kanpur, BHU, APOLO Hospital Lucknow इत्यादि में अपना योगदान शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में दे रहे हैं। विगत 5 वर्षों में विभाग के कई छात्रों एवं छात्राओं का चयन पी0जी0टी0/टी0जी0टी0 प्रवक्ता, सहायक अध्यापक बेसिक शिक्षा, एयरफोर्स, बैंक एवं सिविल सेवा में हुआ है। भौतिक विषय के एक शोधार्थी चन्द्रेश्वर प्रसाद यादव को Best Thesis Award एवं Best Paper Award प्राप्त हुआ है।

## गणित विभाग

महाविद्यालय के शिक्षकों के उचित प्रयास एवं महाविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन से गणित के विद्यार्थी डा0 आशीष कुमार शुक्ला, डा0 अमित गुप्ता, श्री अनिल कुमार, डा0 फरहत अंसारी इत्यादि आयोग द्वारा असिस्टेन्ट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में पिछले वर्षों से कार्य कर रहे हैं।

## रसायन विज्ञान

इस विभाग के पूर्व छात्र वर्तमान में बहुत से अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर की अकादमिक गतिविधियों/शोध कार्यो तथा राजकीय/निजी संस्थानो में कार्यरत है। विभाग के प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं ने सीएसआईआर की नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर देश की विभिन्न IIT से एवं अन्य राष्ट्रीय संस्थानो से शोध कार्य करते हुए अपने कैरिअर में उच्चता की स्थिति को प्राप्त किया है।

डॉ0 अनूप कुमार गुप्ता अभी कुछ दिनों पहले आयोग द्वारा असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद पर चयनित होकर इसी महाविद्यालय में अपना योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में सुनील कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, नीरज मोहन एवं विष्णु कुमार मौर्या का चयन विभिन्न डिग्री कालेजों

में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में हुआ है। इस महाविद्यालय से स्नातक एवं रसायन विज्ञान से परास्नातक की छात्रा अपूर्वा पाण्डेय वर्तमान में भारतीय वन सेवा (IFS) में चयनित होकर डी0एफ0ओ0 पद पर देश की सेवा कर अपना योगदान दे रही हैं। सौरभ मिश्रा हनीबैल कम्पनी में वैज्ञानिक पद पर कार्यरत हैं।

श्री अनस अन्सारी अमेरिका में व सुश्री अर्चना शुक्ला जर्मनी में पोस्ट डाक्टरल फैलोशिप पर शोधरत है। इस विभाग के छात्र पंकज कुमार यादव NISER भुवनेश्वर व आशीष कुमार गुप्ता जयपुर से पोस्ट–डाक्टरल फैलोशिप पर कार्य कर रहे है। परास्नातक छात्राएं जंजीला व दीक्षा वर्तमान में CDRI लखनऊ में शोध कार्य कर रही है जबकि महजबीन व कोमल DMSRD कानपुर में शोधरत हैं। विगत पॉच वर्षो में परास्नातक छात्राओं कीर्ति धवन एवं शालिनी सिहं को सर्वाधिक अंको के लिए सीएसजेएम विश्वविद्यालय द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इसी वर्ष के अध्यनरत छात्र श्री अमन शुक्ला का चयन JNCASR बंगलौर एवं IISc बंगलौर में प्रोजेक्ट वर्क पर कार्य हेतु हुआ है, तथा सौम्या मिश्रा द्वारा GATE में सफलता प्राप्त की गई है।

## जन्तु विज्ञान विभाग

इस विभाग के कुशल मागदर्शन में परास्नातक की छात्रा रक्षा गुप्ता, अंशू यादव बेबी श्रुति, हुमायरा अहमद, अनुपम कुमार, मोहिनी सोनी, अफीफा शहजाद, समराह एवं सबा ने विगत 5 वर्षों में सीएसआईआर की नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय छवि का उत्थान किया है। छात्राएं पृथा भूमिया एवं समराह क्रमशः कैलगरी यूनिवर्सिटी कनाडा तथा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से शोधकार्य में संलग्न हैं।

## वाणिज्य संकाय

इस विभाग की अल्का त्रिपाठी, कु0 यशा श्रीवास्तव, विवेक सिंह, सृष्टि कटियार आदि विद्यार्थियों ने यूजीसी–नेट/जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा छात्रा सृष्टि कटियार उच्च शिक्षा आयोग द्वारा चयनित होकर इसी महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर अपना योगदान दे रही हैं। इसके अतिरक्त 20 से अधिक छात्र–छात्राओं ने सी0ए0, सी0एस0, बैंक एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है।

## बी0सी0ए0

विगत वर्षों में महाविद्यालय की छात्रा दीक्षा त्रिपाठी, शुभान्शी गुप्ता, सुधी दीक्षित, स्तुति शुक्ला, शिवानी सिंह, हिमांशी तिवारी आदि ने आर.एच.डी.एल., आस्था पारस ने एक्सेंचर मे और अंशिका दीक्षित, रिशंक मिश्रा, श्रुति अग्रवाल और विनीत शर्मा आदि ने टी0सी0एस0 में रोजगार प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त अनेकों छात्र/छात्राओं ने या तो स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ किया या देश के विभिन्न संस्थानों में उच्चतर शिक्षा ग्रहण कर रहे है। अन्य छात्र/छात्राएं डिजिटल मार्केटिंग, वेबसाइट डेवलपमेन्ट, नेटवर्किंग, मोबाइल एप डेवलपमेन्ट, आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स, नेटवर्किंग सिक्योरिटी, ऑपरेटिंग सिस्टम्स, इत्यादि क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं।

## बी0बी0ए0

विगत 5 वर्षो में बी0बी0ए0 विभाग के अभिषेक यादव (गोदरेज), निशान्त गुल्हारे (टी0सी0एस0), अलश तिवारी (टी0सी0एस0) विद्यार्थियों का सम्मानित कम्पनियों में चयन हुआ है।

## बी0टी0सी0/डी0एल0एड0 विभाग

वर्ष 2014 से संचालित डी0एल0एड0 विभाग में अब तक प्रशिक्षण प्राप्त लगभग 80 प्रशिक्षु सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 02 प्रशिक्षु पुलिस विभाग एवं 02 रक्षा विभाग में कार्यरत हैं। लगभग सभी प्रशिक्षुओं ने TET एवं CTET परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

## यूजीसी–नेट/जेआरएफ/सीएसआईआर

कोरोना संक्रमण काल के बाद भी यहां के विभिन्न विषयों के लगभग 03 दर्जन विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के कुशल निर्देशन एवं प्रेरणा से UGC-NET, JRF, CSIR की परीक्षाओं एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षा में सफल होकर अपना शोध कार्य कर रहे हैं।

## विभिन्न अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने वाले विद्यार्थी

विभिन्न विषयों एवं कक्षाओं के विद्यार्थी प्राथमिक शिक्षा विभाग, कर्मचारी चयन आयोग, बैकिंग सेवा एवं वायुसेना में प्रतिवर्ष चयनित होकर देश एवं समाज में सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रहे हैं।

वर्तमान में महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के निर्देशन एवं नई शिक्षा नीति–2020 के आलोक में प्राचार्य द्वारा निम्न प्रकोष्ठों का गठन इसीलिये किया गया कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शोध से सम्बन्धित नवीन आयामों से परिचित होने, स्वरोजगार हेतु तैयार होने उनके उन्नयन तथा समाज में उचित ढंग से योगदान हेतु तैयार किया जा सके। इसका बिन्दुवार विवरण निम्नवत है:–

### 1. इनक्यूबेश और स्टार्ट–अप प्रकोष्ठ (Incubation and Start-up Cell)

किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए छात्रों के विचारों, नवाचार और स्टार्ट–अप और उद्यमिता के लिए उनकी योग्यता का समर्थन करना आवश्यक है। यह प्रकोष्ठ एक ऐसा कार्य स्थल होगा जहां युवा दिमाग अपने विचारों को अपने हाथों से ''स्वयं करें और सीखें' मोड के माध्यम से आकार दे सकते हैं. और नवाचार कौशल सीख सकते हैं। युषा छात्रों को एसटीईएम (विशान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) की अपधारणाओं को समझने के लिए नए उपकरणों और संसाधनों के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

### 2. अंतविषयी और सहयोगी अनुसंधान प्रकोष्ठ (Interdisciplinary and Collaborative Research Cell)

एक शोधकर्ता के रूप में, संकाय सदस्यों को अक्सर विभिन्न अनुसंधान विधियों, सिद्धांतों और सामग्री क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाता है जिन्हें कई संदों में लागू किया जा सकता है। उनका व्यापक प्रशिक्षण उन्हें सभी विषयों में योगदान करने और प्रान को आगे बढ़ाने की व्यापकता देता है। हम अंत:विषयी और सहयोगी शिक्षा और अनुसंधान में विभागों और संकाय सदस्यों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच स्थापित कर रहे हैं। यह सेल यूजी फाइनल ईयर और पीजी के छात्रों के लिए इंटर / इंट्रा फैकल्टी रिसर्च प्रोजेक्ट, औद्योगिक प्रशिक्षण या सर्वेक्षण कार्य को पूरा करने में बेहद उपयोगी होगा, जो अब एनईपी–2020 के तहत अनिवार्य है।

### 3. अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ (Research and Development Cell)

उच्च शिक्षा के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ाने के लिए अनुसंधान, नवाचार और विकास महत्वपूर्ण पहलू रहें हैं। हमारे देश की सामाजिक चुनौतियों का समाधान अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास पर जोर देने के साथ ही एक मजबूत और जीवंत उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के द्वारा ही किया जा सकता है। अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास का एकीकरण आत्मनिर्भर भारत की नीय है। यह प्रकोष्ठ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होगा और इससे एनईपी–2020 में अनिवार्य अनुसंधान संस्कृति को उत्प्रेरित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की भी उम्मीद है। इसका उद्देश्य एनईपी–2020 के प्रावधानों के अनुरूप कॉलेज के भीतर अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित और मजबूत करने के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करना है।

# वार्षिक शुल्क

प्रवेश सूची में नाम आने पर अभ्यर्थी निम्न विवरण के अनुसार प्रवेश शुल्क जमा करेंगे।

## वार्षिक शुल्क का विवरण 2022–23

| Course Name | Base Fee | |
|---|---|---|
| | Boys | Girls |
| B.A. I & II Sem | 2929.00 | 2797.00 |
| B.A. III & IV Sem | 2729.00 | 2597.00 |
| B.A. III Yr. (Non Practical) | 2994.00 | 2862.00 |
| B.A. III Yr. (One Practical) | 3334.00 | 3202.00 |
| B.A. III Yr. (Two Practical) | 3574.00 | 3442.00 |
| B.Com. I & II Sem | 3549.00 | 3417.00 |
| B.Com. III & IV Sem | 3349.00 | 3217.00 |
| B.Com. III Yr. | 3094.00 | 2962.00 |
| B.Sc. I & II Sem | 2959.00 | 2827.00 |
| B.Sc. III & IV Sem | 2729.00 | 2597.00 |
| B.Sc. III Yr. (One Practical) | 3334.00 | 3202.00 |
| B.Sc. III Yr. (Two Practical) | 3574.00 | 3442.00 |
| M.A. Pre. (Non Practical) | 2302.00 | 2122.00 |
| M.A. Pre. (Practical) | 2492.00 | 2312.00 |
| M.A. Final. (Non Practical) | 3452.00 | 3272.00 |
| M.A. Final (Practical) | 3542.00 | 3362.00 |
| M.Sc. Pre. | 2642.00 | 2462.00 |
| M.Sc. Final | 3542.00 | 3362.00 |

नोटः–

1. शासन के आदेशानुसार छात्राएं शिक्षण शुल्क से मुक्त है।
2. शासन/विश्वविद्यालय के आदेशानुसार यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु, कोई शुल्क निर्धारित किया जाता है अथवा वार्षिक परीक्षा शुल्क में वृद्धि की जाती है तो वह छात्र/छात्रा द्वारा उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त देय होगा।
3. **स्नातक प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों को उपर्युक्त शुल्क के अतिरिक्त कौशल विकास पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य शिक्षण शुल्क रू0 250.00 तथा शासनद्वारा प्रायोगिक विषय हेतु अनुमन्य शुल्क रू0 120.00 प्रति सेमेस्टर देय होगा।**
4. **अतिरिक्त नोटः–**

| | | |
|---|---|---|
| Note-1 | **College Pracitical Fee per semester per subject will be extra.** | **120.00** |
| Note-2 | **Extra Charge for University Pratical/Viva Fee per Semester if opt atleast 01 Practical subject** | **100.00** |

# अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति – श्री योगेन्द्र स्वरूप

## प्राचार्य – प्रो0 अनूप कुमार सिंह

**डॉ. आर0 के0 दीक्षित, डीन, छात्र कल्याण** **डॉ. धनंजय सिंह (मुख्य अनुशासक)**

**डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रवेश प्रभारी**

**डॉ0 मनिन्दर सिंह अरोड़ा, उपप्रभारी**

**प्रवेश समितियाँ : सत्र 2022–23**

समय : प्रातः 10:00 से अपरान्ह 3:00 तक

(कला संकाय)

| कक्षा | प्रवेश समिति के सदस्यों के नाम |
|---|---|
| बी.ए. प्रथम सेमेस्टर | 1. डॉ. सुमन सिंह (संयोजक) |
| | 2. डॉ. आभा सिंह |
| | 3. डॉ. विवेक सिंह |
| | 4. डॉ. रिचा त्रिपाठी |
| | 5. डॉ. यशवीर गौतम |
| | 6. कु0 साक्षी राय |
| | 7. श्री दिनेश कुमार यादव |
| | 8. डॉ0 रोहित कुमार मौर्य |

**तकनीकी सहायक कला संकायः** श्री अनिल कुमार निगम

**(विज्ञान संकाय–गणित समूह)**

| | |
|---|---|
| बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर | 1. डॉ. रेनुका अरोड़ा (संयोजक) |
| | 2. डॉ. अनीता राय |
| | 3. डॉ. अनिल कुमार सिंह |
| | 4. डॉ. कीर्ति चौहान |
| | 5 डॉ. नीरज वर्मा |
| | 6. डॉ. अनूप कुमार गुप्ता |

**तकनीकी सहायक विज्ञान संकाय(गणित):** श्री सत्येन्द्र सिंह

**(विज्ञान संकाय–बायो समूह)**

| | |
|---|---|
| बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर | 1. डॉ. बादल विस्वास (संयोजक) |
| | 2. डॉ. निधि श्रीवास्तव |
| | 3. श्री अलका रानी |
| | 4. डॉ. सुनील कुमार वर्मा |
| | 5. डॉ. सुधा अग्रवाल |
| | 6. डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह |

**सहायक विज्ञान संकाय (बायो):** श्री शशि भूषण सिंह

**(वाणिज्य संकाय)**

| | |
|---|---|
| बी.काम. प्रथम सेमेस्टर | 1. डॉ. नीना टंडन (संयोजक) |
| | 2. डॉ. मोनल सिंह |
| | 3. डॉ. राजेश कुमार त्रिवेदी |
| | 4. डॉ. राम नरेश पटेल |
| | 5. डॉ. श्रृष्टि कटियार |
| | 6. डॉ. विनोद कुमार |

**सहायक वाणिज्य संकाय** : श्री सत्येन्द्र शंकर शुक्ला

**नोट** : 1. एम0ए0, एम0एस–सी0, एम0काम पूर्वार्द्ध की प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धित विभाग में सम्पन्न होगी।
2. स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं परास्नातक उत्तरार्द्ध में प्रवेश हेतु विवरण वेबसाइट पर देखें।

## प्रवेश सम्बन्धी महत्वपूर्ण तिथियाँ

### बी.ए., बी.काम., बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर

| | |
|---|---|
| Online आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 07 JULY 2022 |
| Online आवेदन की अन्तिम तिथि | 22 JULY 2022 |
| मेरिट लिस्ट निर्गत होने की तिथि | 26 JULY 2022 |
| प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि (प्रातः 10 से 3 बजे तक) | 27 JULY 2022 |

**नोटः– कक्षाएं प्रारम्भ होने की तिथि 01/08/2022**

### एम.ए. पूर्वार्द्ध एम.एस–सी. पूर्वार्द्ध

| | |
|---|---|
| Online आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | वि0वि0 द्वारा निर्धारित तिथिअनुसार |
| Online आवेदन की अन्तिम तिथि | - |
| मेरिट लिस्ट निर्गत होने की तिथि | - |
| प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि (प्रातः 10 से 3 बजे तक) | - |

**स्नातक द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं परास्नातक उत्तरार्द्ध के सभी प्रवेश आन लाइन होंगे। प्रवेशार्थी सम्बन्धित कक्षा के प्रवेश प्रभारी से 10 से 3 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।**

**स्ववित्त पोषित बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.काम.(छात्रा) एम.काम. एवं एम.एस–सी. (जन्तु विज्ञान) के प्रवेश आफलाइन होगें।**

| | |
|---|---|
| विवरणिका, प्रवेश फार्म विक्रय एवं प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ होने की तिथि | 15 JUNE 2022 |

**नोट : प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण के लिए प्रोफेशनल एवं सेल्फ फाइनेंस्ड विभाग में सम्पर्क करें।**

**सम्पर्क सूत्र : 07755003400**

**(Online Admission Registration Fee ₹ 220/-)**

Admission Open

Admission Open

# P.P.N. College, Kanpur

## (BBA)
**Bachelor of Business Administration**

## (BCA)
**Bachelor of Computer Application,**

**B. Com (Girls) M.Com. and M.Sc. (Zoology)**

## 3 YEARS DEGREE PROGRAMME

Affiliated to CSJM University, Kanpur
Under Self-Finance Scheme

**ADDITIONAL OPPORTUNITY IN CAREER DEVELOPMENT FOR STUDENTS IN BBA & BCA**

**PERSONALITY DEVELOPMENT & COMMUNICATION SKILLS**

## P.P.N. COLLEGE, KANPUR

*in association with*

# A I P S

**Adesah Institute of Professional Studie**

*Proudly Offers the following Short Term*

1. Diploma in Tourism Management
2. Diploma in Logistics Management
3. Diploma in Advertising and Sales Management
4. Diploma in International Marketing
5. Diploma in Financial Management
6. Diploma in Marketing Management
7. Diploma in Personality Development and Communication Skills
8. Diploma in Guidance and Counselling
9. Diploma in Computer Application

**Department of Professional & Self Financed Courses**

PPN College, Kanpur • Ph. : 07755003400

# सम्पर्क सूत्र


## पं0 पृथी नाथ महाविद्यालय

96/12, महात्मा गांधी मार्ग, कानपुर

फैक्स/फोन : 0512–2361924

ppncollegekanpur@gmail.com

www.ppncollege.org